संचिका सं०–03 / परी०–B.T.S.C.- 63 / 2019– 1581 – दि० – 08/10/2021

**बिहार सरकार**
**बिहार तकनीकी सेवा आयोग**
**19, हार्डिंग रोड, पटना।**

# सूचना

## विज्ञापन सं०–02 / 2020 फिजियोथेरापिस्ट

सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–15113 दिनांक–07.11.2019 के द्वारा प्राप्त अधियाचना के आलोक में **विज्ञापन सं०–02 / 2020 फिजियोथेरापिस्ट** के पद पर नियुक्ति हेतु आयोग के वेबसाईट –www.pariksha.nic.in एवं www.btsc.bih.nic.in पर दिनांक–16.03..2020 से 15.04.2020 तक ऑनलाईन आवेदन माँगा गया था। कुल रिक्त पद 126 के विरूद्ध कुल 2099 आवेदन प्राप्त हुए। बिहार तकनीकी सेवा आयोग चयन प्रक्रिया नियमावली–2018 की कंडिका 8(i) के आलोक में 3 गुणा अभ्यर्थियों को काउंसलिंग में बुलाये जाने के लिए कोटिवार 3 गुणा कट–ऑफ–मार्क्स निम्नवत है :–

| Advt. No-02/2020 (Physiotherapist) | | | | |
|---|---|---|---|---|
| श्रेणी | कुल पद | कट–ऑफ मार्क्स (सामान्य) | महिला | कट–ऑफ मार्क्स (महिला) |
| UR | 50 | 70.228 | 18 | 66.61 |
| EWS | 12 | 63.088 | 03 | 45.36 |
| SC | 23 | 38.466 | 07 | 38.7 |
| ST | 01 | 44.956 | 00 | 46.306 |
| EBC | 26 | 54.138 | 08 | 50.046 |
| BC | 10 | 65.506 | 03 | 59.154 |
| WBC | 04 | - | 00 | 54.456 |
| PH | - | HH 57.746, VH 35.196, OH 40.686, MH 33.438 | - | - |
| FF | - | 53.52 | - | - |
| **TOTAL** | **126** | | **39** | |

सभी (काउंसलिंग के लिए बुलाये जानेवाले अथवा नहीं बुलाये जानेवाले) अभ्यर्थी अपना रजिस्ट्रेशन नम्बर, मोबाईल नम्बर अथवा E-mail एवं जन्म तिथि डालकर दर्शायी गई **सभी** विवरणी यथा, नाम, पिता / पति का नाम, जन्म तिथि, लिंग, कोटि, प्राप्तांक आदि देखकर संतुष्ट हो लें। किसी प्रकार की कोई त्रुटि होने पर अथवा प्राप्तांक से असंतुष्ट / असहमत होने पर अपना आपत्ति कारण / प्रमाण सहित **दिनांक–9.10.2021 से दिनांक–21.10.2021** तक आयोग के वेबसाईट पर Raise Objection बटन पर Click करके दर्ज करा सकते है। उक्त ऑनलाईन ऑब्जेक्शन के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम यथा ई–मेल / निबंधित डाक / कुरियर आदि से प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। आपत्ति डालने के पूर्व अभ्यर्थीगण विज्ञापन में दिये गये सभी शर्त्तों को देखकर प्रमाण सहित आपत्ति दर्ज करायेंगे। **विज्ञापन की शर्त्तों से अलग कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। गलत दावा प्रस्तुत करने पर उनकी उम्मीदवारी स्वतः निरस्त हो जाएगी। ऑनलाईन आवेदन में की गई प्रविष्टि ही मान्य होगा तथा यह भी कि आपत्ति उक्त प्रविष्टि के आधार पर गणना में की गई त्रुटि एवं अन्य बिन्दुओं पर असहमति तभी मान्य होंगे जब वे आवेदक द्वारा अपने मूल ऑनलाईन आवेदन में किये गये प्रविष्टि से भिन्न नहीं होंगे।**

नोट :– **उक्त सूचना मात्र काउंसलिंग के संदर्भ में है।**

प्राप्त आपत्ति के पश्चात पुनः अकों की जाँच उपरान्त काउंसलिंग की तिथि निर्धारित की जायेगी।

8.10.2021
सचिव
बिहार तकनीकी सेवा आयोग, पटना।

D/DRIVE/PARIKSHA SHAKHA/NOTICE/P-2